CHENNAI
BusinessLine
TUESDAY • NOVEMBER 10 • 2020



Economy will shrink by just 6-7 per cent

OUR BUREAU
Chennai, November 9

If there is one economist who has seen it and experienced it all, it is Dr C Rangarajan, former RBI Governor & former Chairman, Prime Minister Economic Advisory Council. Whether it was the monumental reforms of 1991 or the 2008 global financial crisis, he was at the forefront. He spoke on India's present economic crisis during a conversation with Raghuvir Srinivasan, Editor, *BusinessLine*, at the BusinessLine Knowledge Series webinar on 'Is India's Economic Recovery Sustainable?'. Excerpts:

BusinessLine KNOWLEDGE SERIES
IS INDIA'S ECONOMIC RECOVERY SUSTAINABLE?

A lot of indicators point to a recovery. Is the ongoing economic recovery sustainable ?

First of all we need to understand the nature of the current problem. The economic crisis that we are facing is different from the economic crisis that we have faced earlier.

This is the first economic crisis which has been triggered by a non-economic factor — a pandemic. It is the attempt to prevent the spread of the virus through such measures as lockdown which has resulted in the economic activity coming to a grinding halt.

To me, the removal of lockdown or reducing the restrictions to a drastic extent is a necessary condition for economic growth.

In the first quarter, the GDP fell by 23.9 per cent and that is the period in which we had the most severe lockdown. Now, as we move away, it is quite possible for the economy to pick up.

My view is that, possibly the second quarter will also have negative growth. Perhaps, it may be half of what it was in the first quarter.

During the next two quarters, I believe the economy will start picking up and we may end the year with a rate of growth, which will still be negative for the year as a whole, but less than what has been projected in some quarters like minus 10 per cent and so on. Maybe minus 6 to 7 per cent is a possibility. The big question, however, is that there should be no resurgence of the virus.

Our economy was not in the pink of health in run-up to the pandemic...

I agree with you. That is why I am using the word 'recovery' in a very cautious way. Recovery is not really beyond the 2019-20 level. Even that year had a slowdown with only a 4.2 per cent rate of growth. We have lost one half of the year but the second half year, we may be able to compensate a little bit and reach the level of 2019-20.

> You are really looking at (fiscal deficit of) 14 per cent of GDP. It is very high but I have come to a reluctant conclusion that it is unavoidable and we really have to live with it this year.

What do you think the Centre should do to ensure that recovery sustains not just for the second half of the year but into the next fiscal as well ?

The usual argument is that in a weak demand situation there is a role for the government. That is to increase the government expenditure which is a traditional Keynesian argument that is always put forward and I suppose it is correct.

In fact, the traditional Keynesian argument does not make any distinction between one type of expenditure from the other. That is why the famous saying 'digging the holes and filling them back up again' also became popular.

But I think we need to move away from that. I think there is a need for government expenditure to sustain the demand at a particular level.

Here, I have a view that the government should raise capital expenditure.

Capital expenditure has stronger forward and backward linkages than other types of expenditures. Government of India has come forward with good programme of investment expenditure of not only government but also of PSUs. That will actually pull the economy much more than anything else.

The government has already announced an infrastructure pipeline and I think there should be a pipeline by PSU units and put together maybe 2 per cent of GDP must be spent on capital expenditure. I think that will be the real step forward in pulling the economy.

The trajectory of inflation is now trending towards 6-6.3 per cent. Are you happy with that?

The inflation that we are seeing now has to be seen not just in the context of demand-supply imbalances but also in the context of what we are doing overall in order to be able to push the economy forward.

> I think there is a need to ensure that banks lend in this situation but we also have to be careful because it should not become a burden. Loans of today should not become NPAs of tomorrow.

One thing that the government is talking about is to increase the liquidity of the banking system so that it may be in a position to provide credit. Later on, the RBI has to help the government if it is going to borrow to sustain the high levels of expenditures.

Therefore, a lot of liquidity is being pushed into the system. I believe that inflation will come down a little bit but not to the level of 4 per cent.

Pumping liquidity does not necessarily mean the money supply also increases because it all depends upon what the banks do with the liquidity that has been given to them. If they really lend and if they are in a position to give credit in a larger way then money supply will increase otherwise it won't. I do not know at this point how aggressively the banks will lend or the bank themselves will find adequate borrowers.

We are essentially in a situation where liquidity is increasing but output is not increasing. That way we will end up with some inflation but may not necessarily be at this level. It may be at 6 per cent level.

Would you be comfortable with 6 per cent inflation level?

None would prefer that level of inflation and in the [redacted] run it is not a good [redacted]. Perhaps one would [redacted] to tolerate the level [redacted] inflation which is not [redacted] but much higher. Therefore, we may be able to live with that considering the very special situation that we are placed in.

Are you comfortable with the accommodative stance of monetary policy of the RBI?

Accommodative monetary stance is perhaps warranted by the situation in which we are placed.

The economy is going down. We are even talking about a negative growth rate which is unheard of in the recent period. Therefore, to some extent we really have to take care of the situation and I do not fault with an accommodative monetary policy. But I have two concerns: One is the impact on inflation.

The monetary authorities should take a stand on how far they will be willing to let the inflation go. Secondly, the increase in the Reserve Money (RM), which is what the actions of the central cank results in, will lead to an increase in money supply only when the banks begin to lend.

There are two points here the monetary authorities should be careful of : When we require all the banks to lend, I think we need to be somewhat careful about it. I think there is a need to ensure that banks lend in this situation [redacted] also have to be [redacted]ecause it should not become a burden. Loans of today should not become NPAs of tomorrow.

Where do you see the fiscal deficit by the end of this year?

The Government indicated a fiscal deficit of 3.5 per cent of GDP in its Budget. Many people, while discussing the Budget, had some doubts about even the credibility of that number. After that Covid happened. A colleague of mine and I did a calculation. You are really looking at 14 per cent of GDP. It is very high but I have come to a reluctant conclusion that it is unavoidable and we really have to live with it this year. We need to see how we can slowly slide it down without harming the economy.

If there are three immediate reforms that the government should embark upon in the next six months to a year, what should they be?

I will list three sets of reforms. One, in the financial system, particularly with respect to banks.

I personally think that the banking system cannot carry forward with this load of NPAs and therefore recapitalisation has to be looked at more exhaustively in a more expanded way.

At the same time, the key question is why are we getting into this situation? We have been recapitalising every year from 1991 onwards so we should not get into this situation. \

This raises a critical question, what is the relationship between public sector banks and the government. What is the kind of relationship that we should establish to enable the public sector banks to function independently?

The second suggestion is that we need to look at reforms of specific sectors rather than general in nature.

For instance, reforms for the power sector, telecom sector. These are the areas where some considerable thought has to be given and we basically need to apply the principle of liberalisation to every sector.

Third, is what I call governance reforms. Government always talks of ease of doing business but what is ease of doing business with the government, which is equally important.

I really think that we moved away from the system saying that controls are coming in the way of efficiency but we should not move to a situation in which regulations simply substitute controls.

Too many regulations come in the way of innovation and too little regulations creates instability and therefore we need to strike a balance between the two.

> I personally think that the banking system cannot carry forward with this load of NPAs and therefore recapitalisation has to be looked at more exhaustively in a more expanded way

Let us take some questions from audience...

Radhika Merwin: How do we address the issue of lost GDP?

Lost GDP has to be compensated by higher growth in the subsequent years but as far as the individual units are concerned, if they are closed, it is going to be very difficult to reopen them. I think the time has come to revive the kind of development banks that we had before.

We thought the bond market will replace the development banks and the long-term capital will come through the bond market but that has not happened.

Tony: If lowering the GST for a short while can help consumption and recovery, what's the government's concern for this approach?

I think the government's concern is that it does not have enough revenue.

Compensation has come in because of the fact that you are not collecting as much revenue as you have collected before and people are saying there is a shortfall.

It is not that the government is now collecting more revenue through GST than what was existing before GST. Therefore, the whole question of lowering GST further does not arise.

आईपीएल और वूमेन चैलेंज ट्रॉफी के बाद अब दिव्यांग प्रीमियर लीग का आयोजन भी दुबई और शारजाह में

मिलाई। कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते आईपीएल का आयोजन दुबई में हो रहा है। इसी कड़ी में वूमेन क्रिकेट खिलाड़ियों की चैलेंज ट्रॉफी को भी दुबई में आयोजन करने का निर्णय हुआ। अब दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया ने दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों का भी टूर्नामेंट दुबई और शारजाह में कराने का फैसला किया है। जिसमें छह टीमों के खिलाड़ी भाग लेंगे यह सभी खिलाड़ी भारत से जाएंगे। जिनको चेन्नई सुपर स्टार, दिल्ली चैलेंजर, राजस्थान रजवाड़ा, कोलकाता नाइट फाइटर्स, गुजरात हिटर्स और मुंबई आइडियल नाम से टीम खेलेंगी। इस आयोजन के संबंध में है दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के महासचिव हारून रशीद ने बताया कि जिस समय यह खबर आई थी कि आईपीएल का आयोजन दुबई, अबुधाबी और शारजाह में किया जा रहा है। सारे विश्व के क्रिकेट प्रेमी इस खबर से बेहद खुश थे लेकिन दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी बेहद निराश थे हताश थे। उनकी हताशा और निराशा को दूर करते हुए दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने बैठक कर दुबई और शारजाह में मैच कराने का निर्णय लिया। हारून रशीद ने कहा कि भारतीय संविधान के तहत सभी को बराबर का अधिकार दिया गया है। अमीर हो या गरीब स्त्री हो या पुरुष छोटा हो या बड़ा सभी को जब बराबर का हक दिया गया है। जब रोहित शर्मा, विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी अगर दुबई और शारजाह में खेल सकते हैं, तो यह दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी भी दुबई में खेलेंगे।

विदेश मंत्रालय ने दी अनुमति

डीपीएल आयोजन के ज्वाइंट कमिश्नर हैदर रविन्द्र दत्त ने बताया कि दिव्यांग प्रीमियर लीग के आयोजन की अनुमति भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने दे दी थी। यह आयोजन 2 से 8 नवंबर तक आयोजित करना था लेकिन कोरोना वायरस एवं क्वारंटाइन टाइम के कारण इसको 2 से 8 नवंबर के स्थान पर दिसंबर के महीने में करने का फैसला लिया है। इस संबंध में 18 नवंबर को दिव्यांग क्रिकेट बोर्ड ऑफ इंडिया के 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल दुबई रवाना हो रहे हैं, वहां के ग्राउंड आदि का प्रबंध होने के बाद तारीख की घोषणा की जाएगी।

टूर्नामेंट को सफल बनाने दें योगदान

इस अवसर पर दिव्यांग प्रीमियर लीग के कमिश्नर शमीम खान ने संपूर्ण भारत के खेल प्रेमियों एवं खेल पर आयोजकों से इस महाआयोजन को सफल बनाने के लिए अपना योगदान देने की अपील की है। क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार ने बताया कि दिव्यांग प्रीमियर लीग को खूबसूरत बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य जारी है खिलाड़ियों के लिए खूबसूरत कलर ड्रेस के साथ विश्व स्तर पर डी स्पोर्ट्स चैनल के माध्यम से लाइव टेलीकास्ट कराने का भी प्रयास किया जा रहा है। डीपीएल की विजेता ट्रॉफी का अनावरण भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू द्वारा होटल अशोक, नई दिल्ली में किया जा चुका है। शीघ्र ही खिलाड़ियों की खूबसूरत ड्रेसों का अनावरण किया जाएगा।

खबर संक्षेप

शिखर ने हम सभी का मार्गदर्शन किया

अबुधाबी। आस्ट्रेलियाई हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में फाइनल तक पहुंची दिल्ली कैपिटल्स के प्रदर्शन में शिखर धवन की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वह भले ही कप्तान नहीं हैं लेकिन एक मार्गदर्शक के रूप में उनका टीम पर काफी प्रभाव है और वह लगातार अच्छा खेल भी रहे हैं। धवन ने इस आईपीएल में 603 रन बनाए हैं जबकि स्टोइनिस ने 352 रन बनाने के साथ 12 विकेट लिए हैं। दोनों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली ने दूसरे क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद को 17 रन से हराया।

आईपीएल फाइनल में नहीं पहुंच पाना शर्मनाक

अबुधाबी। सनराइजर्स हैदराबाद के शीर्ष बल्लेबाज केन विलियमसन का कहना है कि आईपीएल फाइनल में नहीं पहुंच पाना 'शर्मनाक' रहा।

विलियमसन ने कहा, 'दिल्ली की टीम बहुत अच्छी है। वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश में थी और इस मैच में वे ऐसा करने में कामयाब रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए जोखिम लेना जरूरी था। हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और बीच में हम साझेदारी बनाने में कामयाब रहे। आईपीएल फाइनल नहीं खेल पाना शर्मनाक है। लेकिन हमारी टीम पिछले तीन हफ्ते के अपने प्रदर्शन पर गर्व कर सकती है।'

चैंपियंस ट्राफी खुद को परखने का सही मंच

बेंगलुरु। भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर सुमित का कहना है कि अगले साल एशियाई चैंपियंस ट्राफी टोक्यो ओलंपिक की तैयारियों को परखने का सही मंच होगी चूंकि

कोरोना वायरस महामारी के कारण टीम महीनों से मैदान से दूर है। अगले साल मार्च में ढाका में एशियाई चैंपियंस ट्राफी का आयोजन होगा। सुमित ने कहा, 'हम खुशकिस्मत हैं कि अभ्यास की बहाली हो गई है। एशियाई चैंपियंस ट्राफी से पता चलेगा कि हमारी क्या स्थिति है और ओलंपिक के लिए कहां सुधार की जरूरत है।'

क्रिकेट

8 फाइनल खेली है चेन्नई, मुंबई इंडियंस छठी बार फाइनल में

आईपीएल के 13वें सीजन का खिताबी महासमर आज

'चार बार के चैंपियन' का पलड़ा भारी, 15 मुंबई तो 12 मैचों में दिल्ली को मिली जीत

एजेंसी ▸▸ दुबई

पांचवां खिताब जीतने के इरादे लेकर उतरने वाली सितारों से सजी मुंबई इंडियंस मंगलवार को यहां आईपीएल फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाने वाली आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स खड़ी होगी जिसके पास 'मैच विनर्स' की कमी नहीं है। दिल्ली को आईपीएल के फाइनल में पहुंचने में 13 साल लग गए। दोनों टीमों का एक-दूसरे खिलाफ रिकॉर्ड की बात करें, तो मुंबई बेहतर स्थिति में है। 2008 से 2020 तक दोनों के बीच 27 मुकाबले खेले जा चुके हैं। जिनमें से 15 में मुंबई इंडियंस ने बाजी मारी, जबकि दिल्ली को 12 मैचों में जीत मिली है। आईपीएल में सबसे ज्यादा बार फाइनल में पहुंचने की बात करें, तो चेन्नई सुपर किंग्स (8) सबसे आगे हैं। मुंबई इंडियंस ने छठी बार फाइनल में जगह बनाई है।

रोमांच से भरपूर मुकाबलों के 52 दिन पूरे होने के बाद अब इस 'खास' आईपीएल का एक आखिरी मुकाबला शेष है। खास इसलिए कि तमाम चुनौतियों और बाधाओं के बावजूद इसके सफल आयोजन ने दर्शकों को कोरोना वायरस महामारी से पैदा हुई नकारात्मकता से निजात पाने में मदद की है। आईपीएल के सबसे सफल कप्तान रोहित शर्मा की नजरें पांचवें खिताब पर है। वहीं दिल्ली पिछले बारह सत्रों में फिसड्डी साबित होने के बाद पहली बार इस मुकाम तक पहुंची है। ऐसा बहुत कम ही होता है कि सबसे प्रबल दावेदार दो टीमें ही खिताब के लिए आपस में टकराए। इस बार हालांकि शीर्ष दो टीमें ही आमने सामने हैं। मुंबई ने 15 में से 10 मैच जीते जबकि दिल्ली ने 15 में से नौ मैचों में जीत दर्ज की।

मुंबई के बल्लेबाजों का दबदबा

मुंबई के खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में शुरू ही से दबदबा बनाए रखा। मुंबई के बल्लेबाजों ने 130 छक्के जड़े हैं जबकि दिल्ली ने 84 छक्के जमाए हैं। क्विंटान डिकॉक का प्रदर्शन खास तौर पर काबिले तारीफ रहा। वहीं रोहित ने अपनी हैमस्ट्रिंग चोट को लेकर तमाम आशंकाओं को निर्मूल साबित करते हुए अच्छी कप्तानी की। आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के गम को भुलाकर सूर्यकुमार यादव ने जिस तरह बल्लेबाजी की, वह मिसाल बन चुके हैं। अब तक वह 60 चौके और 10 छक्के लगा चुके हैं। ईशान किशन ने 29 छक्के लगाए हैं। दिल्ली के गेंदबाज कागिसो रबाडा (29 विकेट) और एनरिच नोर्जे (20 विकेट) अगर इन दोनों से पार पा भी लेते हैं तो पंड्या बंधु की चुनौती भी आसान नहीं है। दोनों जबर्दस्त फार्म में भी हैं।

दिल्ली ने तलाशा सही टीम संयोजन

इस सत्र में तीन मैचों में मुंबई ने दिल्ली पर एकतरफा जीत दर्ज की है लेकिन अगर सबसे अहम मुकाबले में दिल्ली बाजी मार लेती है तो ये तीनों हार बेमानी हो जाएंगी। दूसरे क्वालीफायर में लगा कि दिल्ली ने सही टीम संयोजन तलाश लिया है। पारी की शुरुआत मार्कस स्टोइनिस से कराने का फैसला सही रहा। श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत के औसत फार्म को देखते हुए शिमरोन हेटमायेर पर तेज बल्लेबाजी का जिम्मा होगा। पावरप्ले में आर अश्विन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही इस मैच के जरिए अय्यर का भविष्य में भारतीय टीम की कप्तानी के लिए दावा पुख्ता हो सकता है। रिकी पोंटिंग कुशल रणनीतिकार के रूप में अपनी साख मजबूत करेंगे जबकि सूर्यकुमार चयन समिति को बल्ले से जवाब देना चाहेंगे।

टीमें इस प्रकार हैं

मुंबई इंडियन्स: रोहित शर्मा (कप्तान), आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, अनुकुल रॉय, क्रिस लिन, धवल कुलकर्णी, दिग्विजय देशमुख, हार्दिक पंड्या, इशान किशन, जेम्स पैटिनसन, जसप्रीत बुमराह, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड, क्रुणाल पंड्या, मिशेल मैकलेनगन, मोहसिन खान, नाथन कूल्टर-नाइल, प्रिंस बलवंत राय, क्विंटन डीकॉक, राहुल चाहर, सौरभ तिवारी, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट।

दिल्ली कैपिटल्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), कैगिसो रबाडा, मार्कस स्टोइनिस, संदीप लामिछाने, ईशांत शर्मा, अजिंक्य रहाणे, रविचंद्रन अश्विन, शिखर धवन, शिमरोन हेटमायर, एलेक्स केरी, मोहित शर्मा, पृथ्वी सॉव, ललित यादव, अवेश खान, अक्षर पटेल, तुषार देशपांडे, ऋषभ पंत, हर्षल पटेल, कीमो पॉल, अमित मिश्रा, एनरिच नॉर्जे, डैनियल सैम्स।

महिला टी-20: ट्रेलब्लेजर्स चैंपियन

एजेंसी ▸▸ शारजहां

स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली टीम ट्रेलब्लेजर्स ने सुपरनोवास को हराकर महिला टी20 चैलेंज का फाइनल मुकाबला जीत लिया। मुकाबले में सुपरनोवास की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग का फैसला किया। ट्रेलब्लेजर्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 118 रन ही बना सकी लेकिन उसने बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इतने कम लक्ष्य का भी बचाव कर लिया। सुपरनोवास के लिए कैप्टन हरमनप्रीत कौर ने जरूर 30 रन की जुझारू पारी खेली लेकिन अन्य कोई क्रीज पर नहीं जम सका। शशिकला सिरिवर्दने ने 19, विकेटकीपर तानिया भाटिया ने 14 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 13 रन बनाए। ट्रेलब्लेजर्स के लिए सलमा खातून (18 रन देकर 3 विकेट) और दीप्ति शर्मा (9 रन देकर 2 विकेट) ने मिलकर कुल 5 विकेट झटके। सलमा खातून ने पारी के 19वें ओवर में मैच का रुख ही पलट दिया और 4 गेंदों पर 3 विकेट गिरे। दूसरी गेंद पर अनुजा पाटिल (8) रन आउट हुईं जिसके बाद अगली ही गेंद पर सलमा ने हरमनप्रीत को बोल्ड कर दिया। फिर 5वीं गेंद पर पूजा वस्त्रकार (0) को सोफी ने लपक लिया जिससे स्कोर 7 विकेट पर 94 रन हो गया। सुपरनोवाज की ओपनर सी अटापट्टू (6) को सोफी एक्लेस्टोन ने lbw आउट कर दिया। पारी के दूसरे ही ओवर में एक्लेस्टोन ने अंतिम गेंद पर अटापट्टू को पविलियन की राह दिखाई। मैदानी अंपायर ने पहले नॉट आउट दिया लेकिन DRS लेने पर अटापट्टू को पविलियन लौटना पड़ा।

दिवाली-धनतेरस पर सरकार बेच रही है सस्ता सोना, प्रति ग्राम 50 रु. की छूट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर आप दिवाली या धनतेरस के शुभ मौके पर सोना खरीदना चाहते हैं, लेकिन ज्वेलरी के तौर पर नहीं खरीदना चाहते हैं तो केंद्र सरकार की इस खास योजना में निवेश कर सकते हैं। दरअसल आप अगर फिजिकल गोल्ड नहीं खरीदना चाहते हैं तो सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम में निवेश कर सकते हैं। इसके कई फायदे हैं। दरअसल फेस्टिव सीजन में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम की शुरुआत सोमवार से हो गई है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए सॉवरेन गोल्ड बांड की यह आठवीं सब्सक्रिप्शन सीरीज है। अगर आप गोल्ड बांड में निवेश करना चाहते हैं तो 13 नवंबर तक मौका है। यानी आप 9 नवंबर से 13 नवंबर तक इस योजना में निवेश कर सकते हैं। इस सरकारी गोल्ड बांड की कीमत बाजार में चल रहे सोने की रेट से कम होती है। सॉवरेन गोल्ड बांड योजना में गोल्ड की कीमत रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से तय की जाती है। इस बांड में न्यूनतम निवेश एक ग्राम का हो... इसपर टैक्स भी छूट मि...

पितृत्व अवकाश लेंगे कोहली, रोहित टीम में शामिल

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को अगले महीने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश लेने की स्वीकृति दी जबकि सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा को पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण शुरुआत में टेस्ट टीम में जगह नहीं मिलने के बाद अब टीम में शामिल किया गया है। कोहली आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहेंगे जो जनवरी के पहले हफ्ते में बच्चे को जन्म देने वाली हैं।

संशोधित टीमें

टी-20 टीम : विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, मयंक अग्रवाल, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, दीपक चाहर और टी नटराजन।

वनडे टीम : विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, शुभमन गिल, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पांड्या, मयंक अग्रवाल, रविंद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, शार्दुल ठाकुर और संजू सैमसन।

टेस्ट टीम : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, पृथ्वी साव, लोकेश राहुल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, शुभमन गिल, रिद्धिमान साहा, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, नवदीप सैनी, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, आर अश्विन और मोहम्मद सिराज।

फास्टैग अब पुरानी गाड़ियों के लिए भी ज...

नई दिल्ली। अगर आप किसी ... मालिक हैं और आपने ... 2017 से पहले खरीदी ... आपके लिए एक जरूरी खबर है। अब फास्टैग को पुरानी गाड़ियों के लिए भी जरूरी कर दिया गया है। एम और एन कैटेगरी की पुरानी गाड़ियों के लिए 1 जनवरी 2021 तक फास्टैग का होना जरूरी कर दिया गया है। दरअसल, सरकार ने फास्टैग को अब 1 जनवरी, 2021 से पुरानी गाड़ियों यानी 1 दिसंबर, 2017 से पहले बेची जाने वाली मोटर वाहनों (चार पहिया वाहनों) की सीएमवीआर, 1989 में संशोधन कर फास्टैग को जरूरी कर दिया है।

घरेलू शेयर बाजार रिकार्ड ऊंचाई पर, सेंसेक्स 704 अंक उछला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंबई

वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स 704 अंक उछलकर नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी में राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन की जीत के बाद निवेशक व्यापार रिश्तों में सुधार तथा अधिक प्रोत्साहन उपायों की उम्मीद कर रहे हैं।

शेयर बाजारों में लगातार छठे कारोबारी सत्रों में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 704.37 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 42,597.43 अंक के नए रिकार्ड उच्च पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 42,645.33 अंक तक के अपने सर्वकालिक स्तर पर चला गया था।

इन शेयरों में रहा लाभ

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सर्वाधिक लाभ में इंडसइंड बैंक रहा। इसमें 4.95 प्रतिशत की तेजी आई। उसके बाद क्रमश: भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक का स्थान रहा।

सेंसेक्स के तीन शेयरों में गिरावट

दूसरी तरफ केवल तीन शेयरों- मारुति, आईटीसी और बजाज फिनसर्व- में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन को विजेता घोषित किए जाने के बाद से वैश्विक बाजारों में तेजी रही।

विदेशी निवेशकों ने 4,870 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे

शेयर बाजार के पास उपलब्ध अस्थाई आंकड़े के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 4,869.87 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे। बाजारों में शंघाई, हांगकांग, सोल और तोक्यो 2.12 प्रतिशत तक की बढ़त के साथ बंद हुए।

डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत रहा

यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में अच्छी तेजी रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40.34 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। विदेशी विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे मजबूत होकर 74.15 पर बंद हुआ।

सोने में लगातार चौथे दिन उछाल, 277 रु. और चढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोने की कीमतों में बढ़त का सिलसिला सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में जारी रहा। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 277 रुपए की बढ़त के साथ 52,183 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 51,906 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तर्ज पर चांदी भी 694 रुपए की बढ़त के साथ 65,699 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 65,005 रुपए प्रति किलो पर थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना बढ़त के साथ 1,960 डॉलर प्रति औंस पर रहा। चांदी 25.75 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, जो बाइडन की अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत ... और प्रोत्साहनों तथा कोरोना वायरस से संबंधित पैकेज की ... बंधी है। इससे सोने की कीमतों में उछाल आया।

■ सोना बढ़कर 52,183 रु. प्रति दस ग्राम